





# मांडू में ब्रिक्स प्रतिनिधिमंडल के स्वागत की तैयारी तेज

- आज पहुंचेंगे ब्रिक्स देश के अतिथि मांडू, यहां के प्राचीन जहाज महल का भ्रमण कर यहां लाइट एंड शो और गाला डिनर का लेंगे आनंद
- 200 से ज्यादा पुलिसकर्मी, कई थानों के टी आई एसडीओपी और सहित कई अधिकारी यहां तैनात किए गए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर

**मांडू।** मांडू में ब्रिक्स (*BRICS*) प्रतिनिधि मण्डल शुक्रवार को पहुंचेगा। 180 अतिथि मांडू पहुंचेंगे धार जिला कलेक्टर राजीव रंजन मीना पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा सहित कई प्रशासनिक हमले के अधिकारी उनका स्वागत करेंगे भारतीय परंपरा अनुसार, जहाज महल गेट पर आदिवासी लोक संस्कृति का भगोरिया नृत्य की प्रस्तुति देंगे बाग के कलाकार, यहां फोक नृत्य का आयोजन भी रखा गया है, यहां गाला डिनर और लाइट एंड साउंड का आनंद लेंगे।

अतिथि अंतर्राष्ट्रीय आयोजन के अंतर्गत आज जिला धार के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक पर्यटन क्षेत्र माण्डू में प्रतिनिधि मण्डल द्वारा ऐतिहासिक जहाज महल का भ्रमण किया जाएगा, जहां उनके लिए लाइट एवं साउण्ड शो, रात्रि भोज तथा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राजीव रंजन मीना ने मांडू के जहाज महल का धरातलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक मांडू स्थित जहाज महल में ली। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी सहित सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि मण्डल के आगमन को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राजीव रंजन मीना ने वी.आई.पी. प्रोटोकॉल के अनुरूप समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी के विस्तृत आदेश जारी कर उनकी ड्यूटी लगा दी है।

### अधिकारियों के लिए निर्देश किए जारी

इस पूरे आयोजन की विस्तृत रूपरेखा और अधिकारियों के प्रभार संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त समस्त भ्रमण कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धार श्री अभिषेक चौधरी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार श्री विजय डावर रहेंगे। यह प्रभारी अधिकारी सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, धार जिले की सीमा में प्रवेश करने वाली बसों की पायलेटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते दिखे। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश दिए हैं कि ड्यूटी पर तैनात समस्त दण्डाधिकारी और अधिकारी उनको सौंपे गये दायित्वों का पूर्ण निष्ठा और व्यवस्थित तरीके से निर्वहन करने के लिये व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेंगे।



# रामेश्वर महादेव मंदिर में सजा शिव-पार्वती विवाहोत्सव

**बाकानेर।** चेतना कॉलोनी स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर आज कथा वाचक ज्योतिषाचार्य पंडित अमन पंड्या

ने भक्तों को परीक्षित की कथा, ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि निर्माण और भगवान शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का रसपूर्ण वर्णन सुनाया। कथा के दौरान पंडित अमन पंड्या ने बताया कि कैसे राजा परीक्षित ने शुकदेव मुनि से भागवत कथा सुनकर मोक्ष प्राप्त किया। इसके पश्चात ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना और सृष्टि के संचालन का वर्णन किया गया। कथा का मुख्य आकर्षण भगवान शंकर और माता पार्वती के विवाह प्रसंग का वर्णन रहा। इस दौरान शिव-पार्वती के स्वरूप में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। विवाह प्रसंग के साथ निकली बारात में श्रद्धालु जमकर झूमे और भक्ति में डूबे नजर आए। कथा पश्चात आरती संपन्न हुई और सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

# देर रात भीषण आग से दोनों दुकानें जलकर राख

**सिंघाना।** नगर के बस स्टैंड स्थित देवश्री कलेक्शन एवं कमल किशोर शूज (जूता-चप्पल) की दुकानों में गुरुवार देर रात भीषण आग लगने से दोनों दुकानें जलकर राख हो गईं। घटना रात करीब 3 बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, सिंघाना पुलिस चौकी में पदस्थ पुलिसकर्मी आशुतोष जोशी एवं नगर सैनिक मयंक यादव रात्रिकालीन गश्त पर थे। बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंचने पर उन्हें जलने की तीव्र गंध और धुआं दिखाई दिया। जांच करने पर दो मंजिला दुकानों से धुआं उठता नजर आया। इसके बाद तत्काल दुकान संचालकों एवं आसपास के रहवासियों को सूचना दी गई। सुचना मिलते ही पुलिस ने मनावर, कुक्षी एवं सिंघाना पंचायत को फायर ब्रिगेड भेजने के लिए सूचित किया। दमकल वाहन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों दुकानों में रखा अधिकांश सामान आग की चपेट में आ चुका था।



### थोड़ी देर में ले लिया विकराल रूप...

पुलिसकर्मी आशुतोष जोशी ने बताया कि आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था, जिसके चलते दुकान के शटर एवं चैनल गेट तोड़कर अंदर पहुंचना पड़ा। फायर ब्रिगेड, पुलिसकर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों ने संयुक्त रूप से सुबह तक आग बुझाने का प्रयास किया।अग्निकांड में कपड़े, जूते-चप्पल, फर्नीचर सहित अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार दोनों दुकानों में करीब 30 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है, जबकि लगभग 50 हजार रुपये नकद भी आग में जल गए दोनों दुकानों पर लगी भीषण आज को बुझाने में पुलिसकर्मी आशुतोष जोशी आरक्षक किरण जितेंद्र राकेश मयंक यादव का सराहनी सहयग रहा आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल पर राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं पटवारी द्वारा मौका पंचनामा तैयार किया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच जारी है।

# संस्कारों की सीख सबसे पहले घर में परिवार से मिलती है : नरसिंह दास

**धार।** राम जैसी संतान के लिए घरों में कौशल्या जैसी मां होना चाहिए। आज के युग में मां मोम और पिता डेड हो गए। संस्कारों की पहली सीख अपने घरों से ही मिलती है। भगवान को माता पिता सखा सभी रूप में देखने को ही कुटुंब प्रबोधन माना जा सकता है। उक्त बातें ग्राम दर्शन राम दर्शन आयोजन के प्रथम दिवस ग्राम सिरसोदा में आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर श्री नरसिंह दास जी ने कही।

उल्लेखनीय है कि ग्राम दर्शन राम दर्शन के नाम से किए जा रहे आयोजन में पंच परिवर्तन आधारित अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं इसी क्रम में आज सिरसोदा में तुलसी यात्रा भी निकाली गई जिसमें नन्ही बालिकाओं सहित महिला पुरुष माथे पर तुलसी पौधों को लिए नाचते गाते राम मंदिर तक पहुंचे। यात्रा का अनेक स्थानों पर स्वागत भी हुआ। स्थानीय राम मंदिर में महामंडलेश्वर जी सहित विभाग प्रचारक श्री तेजरा जी, अरविंद जी चौधरी अनिल बोरदिया नवनीत जैन रजनी यादव सहित सभी अतिथियों ने तुलसी पूजा कर वितरण प्रारंभ किया। तत्पश्चात मंच पर लाखनसिंह रघुवंशी, अशोक जोशी, राधेश्याम रघुवंशी, अर्जुन सिंह पवार, दिनेश सिंह रघुवंशी, मोहन सिंह पटेल, रमेश सिंह सोलंकी संलग्न ग्राम वासियों द्वारा संत श्री का सम्मान एवं स्वागत किया गया। आयोजन को संबोधित करते हुए ग्राम दर्शन-राम दर्शन के आयोजक नवनीत जैन ने स्वदेशी, सामाजिक समरसता, नागरिक अनुशासन, पर्यावरण ओर कुटुम्ब प्रबोधन के बिंदु से राम के आदर्शों को अपनाने की बात कही। आयोजन का संचालन कृष्णा सिंह सुनेर ने किया एवं आभार इंदर सिंह पंवार ने वयक्त किया।आयोजन में सैकड़ों ग्रामवासी एवम प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# पानी की आपूर्ति और अन्य मांगों को लेकर की बैठक

**सरदारपुर.** कई दिनों से नगर में पानी को लेकर आहकार मचा हुआ है। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर में पानी एवं कई कार्यो में अनियमिताओं देखी जा रही है, जिसको लेकर कई दिनों से ग्रामीणों में आक्रोश की लहर है। ग्राम विकास के लिए बैठक के माध्यम से चर्चा रखी थी कई विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं जिनको सुचारू रूप से चालू किया जाए, युवाओं ने आवेदन के माध्यम से कई मांगें रखीं।

जानकारी अनुसार मांगों में घर-घर पानी की आपूर्ति के लिए प्रयास कर व्यवस्था की जाए। ग्राम पंचायत के अंतर्गत तत्काल ग्रामीण साफ सफाई करवाई जाए ताकि बरसात में बीमारी न फैले। ग्राम पंचायत निरंतर खोली जाए ग्रामीणों की समस्या का हल हल निकाला जाए। ग्राम के युवा खिलाड़ियों के लिए खेल मैदान की व्यवस्था की जाए। श्मशान घाट में बैठने की व्यवस्था एवं छाया की विशेषता की जाए। नगर में स्ट्रेट लाइन चालू करवाई जाए जिससे रात्रि में सब दिखने लगे। ग्राम सभा का नियमित आयोजन किया जाए एवं नगर में सबको सूचना दी जाए। सरकार की योजनाओं का ग्रामीणों को सारी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। बस स्टैंड पर शौचालय का निर्माण किया जाए एवं साफ सफाई करवाई जाए। बारिश एवं ठंड में नगर में प्रत्येक माह मच्छरों की दवाई का स्प्रे करवाया जाए। आर्थिक स्थिति के आधार पर आवास योजना एवं ऑनलाइन अन्य योजना का नागरिक को दिया जाए। पानी की अव्यवस्था को लेकर नगर में युवाओं में आक्रोश की लहर थी मीटिंग में ग्राम पंचायत की ओर से सरपंच अंतर सिंह फुलवारे,, एवं रोजगार सहायक, शांतिलाल खराड़ी उपस्थित थे ग्राम पंचायत के जिम्मेदार सचिव लक्ष्मण मोनवाल अनुपस्थित रहे जिससे नगर के युवा बहुत नाराज देखे गए सूचना दें।

## एक नजर में

### जैन श्वेतांबर सोशयल ग्रुप सुप्रीम द्वारा सामग्री भेंट



**इंदौर.** अ भा फेडरेशन के स्थापना दिवस के अवसर पर मानव सेवा कार्यक्रम सुप्रीम ग्रुप द्वारा निराश्रित सेवा आश्रम पितृ पर्वत पर आयोजित किया गया. ग्रुप अध्यक्ष विनोद डॉली पटवा ने सभी का स्वागत किया. मनोज डंक ने बताया कि मानव सेवा सप्ताह के अंतर्गत पितृ पर्वत स्थित निराश्रित सेवा आश्रम में भोजन टेबल, पलंग, वाकर, व्हीलचेयर, पेड पैकेट, भोजन सामग्री, एव जरूरी अन्य सामान एवं बुजुर्गों के लिए 50 कुर्सी द्वारा सहयोग की भावना से एक लाख की सामग्री भेंट की गई और जरुरी अन्य आवश्यक सामग्री भेजी जाएगी. इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष प्रकाश भटेवरा ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में सेवा कार्यों के महत्व पर प्रकाश डाला और हर तीन माह में मानव सेवा करने का लक्ष्य रखा. कमलेश कोठारी ने भी मानव सेवा को जीवन का सर्वोच्च धर्म बताया. इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र जैन, पीयूष जैन, जिनेश्वर जैन, नरेंद संचेती, नरेन्द्र भंडारी, महासचिव सुनील ततेड एवं पंकज बाफना भी उपस्थित थे. आश्रम के संचालक यश पाराशर ने आश्रम की गतिविधियों की जानकारी दी.. संचालन सुनील तांतेड़ ने किया, आभार अमित बडोला ने माना. ज्योति तड़वेचा ने आश्रम का अवलोकन हेतु आग्रह किया. ग्रुप के सदस्यों ने सभी बुजुर्गों को भोजन कराया गया.

### योग केंद्र के एक वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह



**इंदौर.** गुमास्ता नगर रामद्वारा स्थित चमेलीदेवी योग केंद्र पर स्थापित योग केंद्र के एक वर्ष पूर्ण होने पर नियमित रूप से वहां आने वाले साधकों ने 5 तरह के योग नृत्यों की प्रस्तुति देते हुए 18 उन साधकों का सम्मान भी किया जो प्रत्येक शिविर में उपस्थित रहे. बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केंद्र द्वारा संचालित इस केंद्र सहित शहर में वर्तमान में 18 केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं. शिविर संयोजक किशोर गोयल, प्रभारी आशा जैन, हर्षिता साल्वी एवं प्रियंका जैन ने बताया कि केंद्र की स्थापना का एक वर्ष पूरा होने पर बुधवार को सभी साधकों ने अपने योग नृत्यों के माध्यम से शिविर में लिए गए प्रशिक्षण के लाभ बताए. संयोजक किशोर गोयल ने बताया कि समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल में मार्गदर्शन में इस मौके पर 18 साधकों का सम्मान भी किया गया. जल्द ही शहर में 3 नए केंद्र भी प्रारम्भ किए जा रहे हैं. अभी जो 18 केंद्र चल रहे हैं उनमें प्रतिदिन शाम 5 से 6 बजे तक केवल महिलाओं के लिए गीता भवन, बाबाश्री रिसोर्ट, ईशकृपा गार्डन, अन्नपूर्णा मंदिर, अनूप नगर रामद्वारा एवं गुमास्ता नगर रामद्वारा शामिल हैं.

### समाजसेवी अग्रवाल का विभिन्न संगठनों द्वारा अभिनंदन

**इंदौर.** समाजसेवी एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल का बुधवार को मप्र वैश्य महासम्मेलन सहित विभिन्न संगठनों की ओर से उनकी देशव्यापी सेवाओं तथा पीड़ित मानवता की सेवा के लिए चलाए जा रहे प्रकल्पों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया गया. संगठन के प्रदेश महामंत्री अरविन्द बागड़ी ने बताया कि समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, बालकृष्ण छाबछरिया, विष्णु बिंदल, दिनेश मित्तल, कुलभूषण मित्तल कुक्की, किशोर गोयल, पवन सिंघानिया मोयरा, राजेश बंसल, संजय बांकडा, निलेश अग्रवाल सजनप्रभा, अशोक अग्रवाल, विनोद सिंघानिया, प्रकाश राखोड़ीवाला, सुशील बेरीवाल एवं अन्य वरिष्ठजनों ने यशवंत निवास रोड स्थित अग्रवाल हाउस पहुंचकर विनोद अग्रवाल का गरिमापूर्ण समारोह में आत्मीय अभिनंदन किया.



# ग्रामीण अंचल की सैकड़ों प्रतिभाओं को ग्राम दर्शन-राम दर्शन में मिला सम्मान

**धार।** ग्राम सिरसोदा में चल रहे ग्राम दर्शन राम दर्शन आयोजन अंतर्गत एक अनूठा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें धार के आसपास के ग्रामीण अंचलों में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं और संस्थाओं को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया आयोजन के प्रारंभ में आदर्श औषधि उपवन में पौधारोपण किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि अमित शाह संभाग समन्वयक जन अभियान परिषद एवं दिलीप जी पाटौंदीया पूर्व प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा के साथ महेश ठाकुर किसान संघ के मालवा प्रांत अधिकारी सहित श्याम जी नायक राकेश चौहान एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के द्वारा पौधारोपण उपरांत संस्थाओं एवं समाज सेवायों का सम्मान किया गया विशेष रूप से दहेज मुक्त समाज बनाने की पहल के लिए राजपूत समाज के पदाधिकारी का सम्मान किया गया। इसी प्रकार नशा मुक्ति परिवार तथा अनेक उन्नत एवं जैविक कृषक भी सम्मानित हुए। राज्य स्तरीय खिलाड़ी एवं गांव के गौरव महिलाओं के क्षेत्र में सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए अनेक जागरूक महिलाओं का भी सम्मान किया गया।मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली समितियां का भी सम्मान किया गया।

अन्य वक्ताओं में श्याम नायक एवं जिला समन्वय रत्नाकर ने जन अभियान परिषद की समितियां के कार्यों की जानकारी और रामायण पाठी गांव बनने पर समिति को बधाई दी।आयोजन में रजनी यादव, रितेश डाबर, दिलीप पटेल गोरी रघुवंशी सहित लगभग 80 से अधिक व्यक्तिगत एवं देदला, जमानदा, बगड़ी, देलमी, कड़ोला, तिरला सहित गांवों के 60 से ज्यादा संस्थागत सम्मान ओर स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।आयोजन का संचालन लक्ष्मी रघुवंशी ने किया और अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए आयोजक नवनीत जैन ने तुलसी वितरण एवं औषधि नर्सरी के संबंध में रूपरेखा व्यक्त करते हुए आभार व्यक्त किया।आयोजन के अंत में आरती के साथ राम प्रसादी वितरण किया गया।

# भाजपा की जिला कामकाजी बैठक संपन्न

- संभागीय संगठन प्रभारी रणवीर सिंह रावत के मुख्य आतिथ्य में विकास व संगठन विस्तार पर हुआ मंथन
- आगामी कार्य योजना पर की गई गंभीर चर्चा




**धार।** भारतीय जनता पार्टी की मासिक जिला कामकाजी बैठक गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की एवं संपन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक को मुख्य अतिथि भाजपा संभाग प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्री रणवीर सिंह रावत विशेष अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री क्षेत्रीय सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती विधायक श्रीमती नीना वर्मा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने ने संबोधित किया।

इस दौरान मंच पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष क्रमशः प्रभु राठौड़ दिलीप पटोंदिया मनोज सोमानी, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मे?ा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौड़ जिला महामंत्री राकेश पटेल जिला उपाध्यक्ष व जिला टोली संयोजक कपिल निनामा उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियो ने माँ भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की। तत्पश्चात सभी मंचासीन अतिथियों का भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष भारती ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से इन विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

# स्क्रीन टाइम से भक्ति टाइम : युवा शक्ति को सही दिशा देने का अभियान : राजदीप सिंह भाटिया

**सिंघाना।** वर्तमान समय डिजिटल युग का समय है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट ने हमारे जीवन को आसान बनाया है, लेकिन इसके साथ-साथ एक बड़ी चुनौती भी सामने आई है। आज का युवा अपने दिन का बड़ा हिस्सा मोबाइल स्क्रीन पर व्यतीत कर रहा है। घंटों तक सोशल मीडिया स्क्रॉल करना, ऑनलाइन गेम खेलना और आभासी दुनिया में खो जाना धीरे-धीरे युवाओं को परिवार, समाज और आध्यात्मिक मूल्यों से दूर कर रहा है। ऐसे समय में आवश्यकता है कि हम युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करें और उनके समय का सदुपयोग सुनिश्चित करें।

इसी विचार को लेकर दिव्य भक्ति चेतना मंच द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्क्रीन टाइम से भक्ति टाइम अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बाहर निकालकर भक्ति, संस्कार और सामाजिक चेतना से जोड़ना है। जब युवा अपने समय का कुछ हिस्सा ईश्वर भक्ति, सत्संग और सामूहिक धार्मिक गतिविधियों में लगाते हैं, तो उनके व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देता है।

### नई जानकरियों से अवगत कराते हैं समाचार

**इंदौर.** समाचार पत्र केवल कागज का टुकडा भर नही है. यह हमें नई-नई जानकारियों से अवगत कराता है. समाचार- पत्र पढ़कर हमारा सामान्य तो बढ़ता ही है. हमारी भाषा भी सुधरती है. यह बात मालवीय नगर स्थित शासकीय विधालय में आयोजित 5 दिवसीय व्यक्तितव् विकास शिविर में वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण जोशी ने बच्चों के बीच कहीं. झसमाज सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आलोक खरे ने कहा कि शिविर में विभिन्न कलाओ के माध्यम से प्रक्षिक्षण दिया जा रहा है.

## एक नजर में

परिजन ने हत्या का आरोप लगाया, पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

# ग्राम पिपरियापानी के युवक का शव पेड़ पर उसके ही बेल्ट के फंदे से लटका मिला

**बाग। ग्राम पंचायत पिपरियापानी के 18 वर्षीय युवक का शव मंगलवार को बाग के महाकालेश्वर रोड़ के बबूल के पेड़ पर लटका हुआ मिला जिसको लैकर उसके परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई हे ओर पीएम रिपोर्ट का रास्ता देख रही है। मृतक की पहचान खन्नेश चौहान के रुप में हुई है। बताया जा रहा हे कि उसके शरीर पर किटनाशक दवाई भी छिड़की हुई थी। साथ ही उसकै ही बेल्ट से उसका शव लटका हुआ था।**





मृतक के भाई बबलू चौहान ने बताया की भाई खन्नेश चौहान करीब चार बजे अपने दोस्तों के साथ बाग के साप्ताहिक हाट में बाइक से घुम रहा था। उसके बाद से ही वो घर नहीं लोटा वापस ओर अंधेरा होने लगा हमारी चिंताएं बढ़ने लगी उसके बाद से परिवार ने उसकी रिस्तेदारो व अन्य जगह तलाश की मगर कहीं पता नहीं लगा जिसके बाद मंगलवार को उसकी गुमशुदगी की सुचना भी बाग पुलिस थाने पर दे दी गई थी।

मृतक के शरीर पर थे चोट के निशान -उसके भाई बबलू ने यह भी बताया की मेरे भाई खन्नेश के शव पर चोट के निशान भी अलग ही दिख रहे थे तथा उसकी दोनों उंगलियां टूटी थी गुप्तांग पर भी चोट के निशान पाए गए और उसने यह भी आरोप लगाए की खन्नेश अपने मित्र गोरधन मोरी के साथ था, जो कि ग्राम करकदा का निवासी है। घटना कि जानकारी मिलते ही ग्राम पिपरियापानी ग्रामीण बड़ी संख्या में परिजनों के साथ बाग थाने पहुंचे और उन्होंने खन्नेश की मौत को हत्या बताते हुए पुलिस से जांच करने व उसके दोस्तों से गहन पुछताछ करने की मांग की है।

### टीआई बोले जांच के बाद होगी कार्रवाई

इस घटना को लेकर बाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान ने बताया कि सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस बल पहुच चूकी थी और शव को पोस्टमार्टम के लिए बाग अस्पताल पहुचाया गया जहां उसका पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणो का खुलासा कर पाएगी हमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है पुलिस मामले की गंभीरता से विवेचना कर रही है। ओर यदि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई तो दोषियों को तत्काल तलाश कर गिरफ्तार करेंगे।